भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5435

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

छत्तीसगढ़ में एनएच परियोजनाएं

5435. श्री विजय बघेलः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) चालू वर्ष के दौरान पूरी हो चुकी एनएच परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इन प्रत्येक परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत/उपयोग की गई है; और

(ग) विलंबित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): 985 किलोमीटर की लंबाई वाली 25 परियोजनाएँ छत्तीसगढ़ में चल रही हैं। चालू वर्ष में कोई भी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना पूरी नहीं हुई है। 17 परियोजनाओं में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता स्थानांतरण, पेड़ काटने और ठेकेदारों के खराब प्रदर्शन आदि के कारण देरी हुई है।

*****